>

Title : Alleged irregularities being committed under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana in various parts of the country.

**योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जो एक महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है, उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

एन.डी.ए. सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए इस योजना को प्रारम्भ किया था, लेकिन यह अत्यन्त दुखद है कि भारत सरकार से पर्याप्त धनराशि दिये जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में उन सड़कों के विकास के लिए राज्य सरकारों का जो योगदान होना चाहिए था, वह आज भी नगण्य है। खास तौर से उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर के अन्दर अभी वर्तमान में सातवें चरण की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों के निर्माण का काम प्रारम्भ होना था, लेकिन यह दुखद है कि छठे चरण का कार्य भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। तीसरे और चौथे चरण के कार्य भी अभी पैंडिंग पड़े हुए हैं।

गोरखपुर महानगर जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए कुछ महत्वपूर्ण मार्ग हैं। गोरखपुर को पिपराइच से जोड़ने, सहजनवां से बखिरा वाला मार्ग, गोरखपुर के महेवा मनोली तटबंध आदि तमाम ऐसे मार्ग हैं, जिन पर कार्य पिछले वर्ष ही सम्पन्न हो जाने थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण भारत सरकार की मंशा के अनुरूप इन योजनाओं पर कार्य न होने के कारण जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के बारे में सरकार की योजना थी, भारत सरकार की जो मंशा थी, उस पर स्थानीय माफिया, भ्रष्ट ठेकेदार और भ्रष्ट अधिकारी मिलकर पूरी तरह पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए दी जाने वाली धनराशि की समीक्षा की जानी चाहिए और जो भ्रष्ट तत्व इसमें घुस आये हैं, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बाधक बने हुए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो। तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे चरण के जो कार्य अब तक सम्पन्न नहीं हुए हैं, उनके लिए समयबद्धता तय करके गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप ये कार्य समय पर पूरे हों, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यहां से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का कष्ट करें। धन्यवाद।